# नए नोएडा का मास्टर प्लान-2041 मंजूर

नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता। दादरी और बुलंदशहर के 84 गांवों की जमीन पर बनने वाले नए नोएडा के मास्टर प्लान-2041 को मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई। अब इसको मंजूरी के लिए शासन के पास भेजा जाएगा। वहां से हरी झंडी मिलते ही इस शहर को बसाने का काम नोएडा प्राधिकरण शुरू कर देगा।

नोएडा प्राधिकरण की 213 वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में हुई। औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में आधा दर्जन प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में नए नोएडा के मास्टर प्लान-2041 पर आई आपत्ति-सुझाव के निस्तारण के बाद इस प्रस्ताव रखा। शासन से इसे मंजूरी मिलते ही जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो जाएगा। यह संभवतः नोएडा की तर्ज पर ही होगा।